## न्यूज गैलरी

### तोमर ने कुशवाह समाज से मांगी माफी, गुलाटी मारने वाले बयान पर जताया खेद

**भोपाल।** मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कुशवाह समाज से माफी मांगते हुए तीन दिन पुराने बयान पर खेद जताया है। समाज को संबोधित पत्र में उन्होंने लिखा कि वे सपने में भी समाज का अपमान करने की बात नहीं सोच सकते। यदि उनके किसी शब्द से समाज के किसी व्यक्ति को ठेस पहुंची है तो वे अपने शब्द वापस लेते हैं और इसके लिए खेद व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि कुशवाह समाज और वे एक-दूसरे के पूरक हैं तथा वे जीवनभर समाज का सम्मान करते रहेंगे।

### गौसतलब है कि तीन दिन पहले

**मुरैना।** मैं भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह के निवास पर आयोजित समारोह में तोमर ने कहा था कि कुशवाह समाज बीच-बीच में इधर-उधर गुलाटी मारता रहा, इससे उसकी विश्वसनीयता संदिग्ध हुई। पूर्व कांग्रेस विधायक सोनेराम कुशवाह ने कहा कि समाज के कुछ लोग भाजपा के दलाल हो सकते हैं, पूरा समाज नहीं। वहीं अखंड भारत महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रामसिंह कुशवाह ने भी बयान की निंदा की। भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह ने सफाई दी कि तोमर की टिप्पणी सोशल मीडिया के कार्यकर्ताओं के लिए थी।

### माहेश्वरी महिलाओं की भजन संध्या, झूला उत्सव

**भोपाल।** माहेश्वरी समाज महिला मंडल ने बुधवार को बावड़िया कलां में भजन संध्या व झूला उत्सव का आयोजन किया। संयोजक संतोष गगराणी ने बताया कि आयोजन में बड़ी संख्या में बहनों ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर सहभागिता की। भगवान श्रीकृष्ण, श्री जगन्नाथ जी और भगवान शिव के भजनों का सामूहिक गायन किया गया। गुरु वंदना, संकीर्तन और भजन-कीर्तन के बीच श्रद्धालुओं ने झूला उत्सव में उत्साहपूर्वक भाग लिया। भक्ति गीतों पर महिलाओं ने सावन की खुशियों को साझा किया।

### पिकनिक मनाकर लौट रहे युवक पर दो बदमाशों ने किया चाकू से हमला

**भोपाल।** जहांगीराबाद इलाके में मंगलवार शाम पिकनिक मनाकर लौट रहे युवक पर दो अज्ञात बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। आरोपियों ने उसकी एक्टिवा भी नहीं तोड़फोड़ की और फरार हो गए। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। सब-इंस्पेक्टर महेंद्र गाड़ी ने सूचनिक, टीला जमालपुरा निवासी सोनू कपोरिया अपने दोस्तों रवीन्द्र,

**छात्रों से संवाद** | कमला नेहरु सांदीपनि विद्यालय में छात्राओं और शिक्षकों के साथ किया संवाद

# मुख्यमंत्री बने मास्टर ट्रेनर, कहा आज का विद्यार्थी कल का भारत

**डीआर संवाददाता।। भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है, जो विद्यार्थियों को उनकी मंजिल तक पहुंचाती है। आज इन युवाओं के चेहरों पर ही नई भारत का उज्ज्वल भविष्य दिखाई देता है। उन्होंने छात्राओं को सफलता के अनमोल टिप्स दिए। इसके साथ ही साथ भरोसा दिलाया कि आज विद्यार्थी ही कल का भारत है। इस सपने को साकार करने के लिए मप्र सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बड़ा बुधवार को रीजी नगर स्थित जगत नेहरू सांदीपनि शासकीय कन्या विद्यालय में छात्राओं और शिक्षकों के साथ आयोजित आत्मीय संवाद कार्यक्रम में कही। इस दौरान उन्होंने स्कूल में संवाद के दौरान मास्टर ट्रेनर की भूमिका में नजर आए। मुख्यमंत्री ने

### सीएम ने कहा कि हमारी शिक्षा प्रणाली शिक्षान्मुखी होने के साथ-साथ रोजगारोन्मुखी भी होनी चाहिए

### विद्यार्थियों के सपने साकार करेगी मप्र सरकार

कमला नेहरू सांदीपनि कन्या शासकीय विद्यालय परिसर में ही प्रवेशद्वार से आए विद्यार्थी से भी आत्मीय संवाद किया। उन्होंने कहा कि हमारी शिक्षा प्रणाली शिक्षान्मुखी होने के साथ-साथ रोजगारोन्मुखी भी होनी चाहिए।

### मैं भी सरकारी विद्यालय में ही पढ़ा हूँ, सांदीपनि स्कूल सबसे अच्छे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मैं भी इसी ही किसी सरकारी विद्यालय में ही पढ़ा हूँ। हमारे समय में स्कूलों में इतनी सुविधाएं नहीं होती थीं। बावजूद इन्फ्रास्ट्रक्चर और शिक्षा व्यवस्था का परिवर्तन हमारा सेवा है। हमारे सांदीपनि विद्यालय इस मायने देश के सबसे अच्छे स्कूल हैं। यह प्रसन्नता का विषय है कि इस बजट तक सांदीपनि स्कूल की 50 शाखाएं स्थापित व आरंभ हुई हैं। अगर किसी विद्यालय के बच्चे भी सांदीपनि विद्यालयों के बराबर के लिए तैयारियां हैं। हमारा विशिष्ट प्रोफेर कृषि प्रशिक्षण और कुशलता के माध्यम के सामने हैं। मैं कहा कि जो मैं पहाड़ बनाने में स्कूल शिक्षा विभाग के 274 सांदीपनि विद्यालय और कार्य दिन के 64 सांदीपनि विद्यालयपूर्वक संचालित हो रहे हैं। पूरे बजट में प्रदेश में उच्चतम शिक्षा के 200 नए सांदीपनि और के 25 बजट स्वीकार किए गए रहे हैं।

### छात्राओं से संवाद

**मुख्यमंत्री** किताब से कल एक विषय का क्या अर्थ है

**एकता राजपूत:** आज हमारी लोग शुरू पढ़ रहे हैं, उसका जीवन में क्या महत्व है। आज हम जो पढ़ रहे हैं, वही भविष्य को सशक्त बनाएगा।

**प्रिंसी वर्मा** क्या आप जीए-पॉलिसी का प्रयोग करते हैं?

**सीएम** मैं किसी कार्यक्रम के विषय पर वर्तमान परिदृश्य में क्या नई चीजें हैं, उन्हें सर्च करता हूं। जो हमें अपने मानस में शामिल करनी चाहिए। एलाई का उपयोग करें, लेकिन स्वयं का दिमाग भी लगाएं।

**लक्ष्य सक्सेना:** क्या आप इंस्टाग्राम यूज करते हैं और किसे फॉलो करते हैं।

**सीएम** इंस्टाग्राम भी हमें इस्तेमाल करना पड़ता है। मैं पीएम सर को फॉलो करता हूं।

## कोर्ट का फैसला... मां और पिता को भी 1-1 साल की सजा सुनाई

*नशे में गंदगी फैलाने से रोका तो हंसिया से हमला कर की थी हत्या, उम्रकैद हुई*

**डीआर संवाददाता।। भोपाल**

भोपाल की प्रवण अपर सत्र न्यायाधीश अजय पैवाल की अदालत ने वर्ष 2022 में हुए चर्चित हत्या मामले में मुख्य आरोपी कुलदीप उर्फ हर्ष रैकवार को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 5 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। वहीं आरोपी के पिता जयशंकर रैकवार और मां उमा बाराही रैकवार को गवाहों और अवैध हथियार रखने के मामले में एक-एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई।

### गंदे पानी के विवाद ने लिया था खूनी रूप

घटना 4 जून 2022 को शाहपुरा कॉलोनी के बावड़िया कलां स्थित पूर्वी हमदी इलाके में हुई थी। शिकायतकर्ता अजय बैरागी के अनुसार, पड़ोसी जयशंकर रैकवार अपाहज पुत्र के सामने गंदा पानी बहाता और शराब के नशे में विवाद करता था। घटना वाले दिन भी गंदा पानी डालने से विवाद शुरू हुआ। आवाज की गूंज शांताबाई के विरोध करने पर गाली-गलौज शुरू हो गई। बीच-बचाव करने पहुंचे अजय और उसके 24 वर्षीय भाई सावन बैरागी पर आरोपियों ने हमला कर दिया।

आरोप है कि उमा बाराही ने घायलों से हमला किया, जबकि कुलदीप उर्फ हर्ष रैकवार गाड़ली काटने वाला बड़ा हंसिया लेकर आया और सावन की पीठ पर वार कर दिया। इसके बाद जयशंकर ने भी बाबू और डंडे से हमला किया। गंभीर रूप से घायल सावन को अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में अदालत ने साक्ष्यों के आधार पर तीनों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई।

## मप्र में 19: कम बारिश, धान-सोयाबीन पर संकट भोपाल में सिर्फ 21.87 इंच बारिश

**डीआर संवाददाता।। भोपाल**

मप्र में मानसून की रफ्तार लगातार धीमी पड़ने से कृषि फसलों पर संकट गहराने लगा है। 5 अगस्त तक प्रदेश में 16.27 इंच बारिश हुई जबकि 19.87 इंच होनी चाहिए थी। यानी अब तक 18% बारिश की कमी है। पूरे मप्र में सिर्फ 17.02 इंच बारिश हुई है। यह सामान्य 21.90 इंच के मुकाबले 22% कम है। पड़ोसी प्रदेश उत्तर प्रदेश में 48.1 मिमी उत्पादक क्षेत्र है। पश्चिमी मप्र में भी सामान्य से 15% कम वर्षा दर्ज की गई। भोपाल में 22.88 इंच के मुकाबले 21.87 इंच बारिश हुई है।

**अलर्ट** . . रोकथाम-नमक का उपयोग कर सकता है

कीटीय कृषि मंत्रालय की मौसमपत्र समिति के पूर्व सदस्य एवं कृषि विशेषज्ञ वीरेंद्र द्विवेदी के अनुसार हल्के लोम से धान में डिजरिए प्रभावित होती है, सोयाबीन में फूल और फलियां झड़ने लगती हैं जबकि मक्का में दाना बनने की प्रक्रिया कमजोर पड़ जाती है।

## ठगी के पांच नए तरीके ऑनलाइन ऑर्डर से इलाज तक, 44 लाख से ज्यादा की धोखाधड़ी

**डीआर संवाददाता।। भोपाल**

राजधानी में साइबर और आर्थिक अपराधी ठगी के नए-नए तरीके अपनाकर लोगों की लाखों रुपये का चूना लगा रहे हैं। हाल ही में सामने आए मामलों में ठगों ने "44 लाख रुपये के अतिरिक्त" की धोखाधड़ी की है। सभी मामलों में पुलिस ने अलग-अलग मामलों में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**आर्मी मेजर बनकर फार्मेसी कारोबारी से ठगी**

कटारा हिल्स के एक फार्मेसी कारोबारी को आरोपी ने खुद को सेना के मेजर बताकर दवाई की फर्जी ऑर्डर दिया। मुनाफा अधिक के लाभ पर पहले मरीजों लोगों और फिर कहीं "दो लाख रुपये" ट्रांसफर करा लिए।

**शेयर मार्केट में मुनाफे का झांसा**

मिसरोद क्षेत्र की 75 वर्षीय महिला से परिचित युवक ने शेयर बाजार में निवेश पर बेहतर रिटर्न का लालच देकर "करीब 35 लाख रुपये" हड़प लिए। हुकूमतगंज पुलिस के बाद आरोपी ने स्कूल लोकेशन बंद कर दिया।

**बिना ऑपरेशन इलाज का फर्जी दावा**

कोहेफिजा में एक बुजुर्ग को फर्जी फिजियोथेरेपिस्ट ने बिना ऑपरेशन घुटना ठीक करने का दावा देकर "साल लाख रुपये" वसूल लिए। मामला पहले पीड़ित से छह लाख रुपये ठग लेने तक का था।

**लोन दिलाने के नाम पर ठगी**

कोलार में एक व्यक्ति से फर्जी फाइनेंस प्रतिनिधि बनकर प्रोसेसिंग फीस, सीएसटी और अन्य शुल्क के नाम पर "54,000 रुपये" ठग लिए गए। वहीं बुधवार सामले में परिचित ने लोन दिलाने का भरोसा देकर एटीएम कार्ड और मोबाइल लेकर खाते से रकम निकाल ली। पुलिस ने सभी मामलों की जांच शुरू कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।

## कुशवाह समाज पर टिप्पणी के बाद विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने मांगी माफी

**डीआर संवाददाता।। भोपाल**

मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कुशवाह समाज को लेकर दिए गए अपने बयान पर सार्वजनिक रूप से खेद व्यक्त करते हुए समाज से माफी मांगी है। मुरैना में भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह के निवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में दिए गए उनके बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद समाज के एक वर्ग में नाराजगी फैल गई थी।

इसके बाद उन्हें सामाजिक संगठनों और नेताओं ने बयान की आलोचना की।

विवाद बढ़ने पर नरेंद्र सिंह तोमर ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि यदि उनके शब्दों से कुशवाह समाज की भावनाएं आहत हुई हैं तो उन्हें हृदयतल गहरा खेद है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य किसी भी समाज का अपमान करना नहीं था और उन्होंने अपने शब्द वापस लेते हुए समाज से क्षमा मांगी। इस घटनाक्रम के बाद राजनीतिक हलकों में भी इस मुद्दे पर चर्चा तेज हो गई है।

## ओडिशा से लाए 24 किलो शेवता क्राइम ब्रांच ने मादक पदार्थ गांजे के साथ दो गिरफ्तार

**डीआर संवाददाता।। भोपाल**

अंबिकापुर से लाए 24 किलो शेवता अवैध ब्रांच ने मादक पदार्थ गांजे के साथ दो गिरफ्तार की गिरफ्तार करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 24 किलो 132 ग्राम गांजा जब्त किया है। मुखबिर की सूचना पर टीम ने नेहरू नगर स्थित हिल्स व्यू गार्डन के पीछे खाली मैदान में सिलसिले किजारार कार की चेकिंग की। वार अजाज मुस्तफा अली (44), निवासी वकील कॉलोनी, कटोरा और आरिफ अली (27), निवासी मेडिकल नगर, कटोरा को हिरासत में लेकर वाहन की तलाशी ली गई। डिग्गी में प्लास्टिक की जरूर बोरी में गांजा छिपाकर रखा था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे तीन दिन पहले अंबिकापुर से गांजा खरीदकर भोपाल लाए थे। प्लास्टिक जांच में सामने आया है कि दोनों हजार में पांच की सप्लाई करते थे। अब यह पता लगाया जा रहा है कि गांजा किन लोगों को सप्लाई किया जाना था। इस मेटकर्ड से जुड़े अन्य लोग कौन हैं।

**दिल्ली बैठक के बाद बड़ा फैसला**

## प्रदेश कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठ व विभाग भंग

*यह कदम संगठन के व्यापक पुनर्गठन का पहला चरण पटवारी ने कहा- यह संगठन सृजन अभियान का हिस्सा*

**डीआर संवाददाता।। भोपाल**

पटेरिया विधानसभा सीट के उप चुनाव के बाद मंगलवार को भाजपा ने दतिया जिले की पार्टी की सभी इकाइयां भंग कर दी थीं, जबकि बुधवार को प्रदेश कांग्रेस ने अपने सभी विभाग और प्रकोष्ठ भंग कर दिए। दिल्ली में प्रदेश कांग्रेस के पुनर्गठन को लेकर हुई बैठक के बाद पार्टी के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने सभी विभाग, प्रकोष्ठ (सेल) और उनकी जिला व ब्लॉक स्तरीय इकाइयों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि राहुल गांधी के मार्गदर्शन में संगठन सृजन अभियान चल रहा है। समीक्षा के बाद पार्टी नेतृत्व ने यह निर्णय लिया है। संगठन को नए स्वरूप में तैयार करने की दिशा में काम हो रहा है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य संगठन में नई ऊर्जा, नई कार्यसंस्कृति और प्रभावी जवाबदेही सुनिश्चित करना है।

प्रदेश कांग्रेस के संगठन प्रभारी महामंत्री संजय कामले ने कहा है कि आगामी राजनीतिक चुनौतियों और चुनावी तैयारियों को ध्यान में रखते हुए अब नए सिरे से सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी।

**मतभेद खारीज किया** | दतिया उपचुनाव में भाजपा की हार के बाद पूर्व मंत्री ने दी सफाई

## नरोत्तम बोले- आशुतोष मेरे अनुज और मैं उनके ,अभिभावक, जैसा

**डीआर संवाददाता।। भोपाल**

प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने दतिया से भाजपा प्रत्याशी रहे आशुतोष तिवारी के साथ मतभेद की खबरों को पूरी तरह से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि हमारे बारे में फैलाई जा रही बातें गलत हैं। हमारे बीच न पहले कोई कटुता थी, न आज है। उन्होंने कहा कि अब भी हमारी मुलाकात हमेशा की तरह उसी गर्मजोशी और अपनापन के साथ हुई। बुधवार को नरोत्तम ने अपने सोशल मीडिया पर यह पोस्ट लिखी है। उन्होंने लिखा कि दतिया उपचुनाव के बाद सोशल मीडिया पर मेरे और आशुतोष

को लेकर जो भ्रामक और अनावश्यक बातें फैलाई जा रही हैं, वे पूरी तरह निराधार हैं। वे मेरे अनुज हैं और मैं उनके अभिभावक जैसा। उनके प्रति मेरे मन में हमेशा स्नेह और आत्मीयता रही है, और आगे भी रहेगी। नरोत्तम ने लिखा कि आशुतोष भाजपा के एक कर्मठ, समर्पित और मेहनती कार्यकर्ता हैं। मेरे चुनाव 2003 तथा से मैंने उन्हें एक

### हमारे बीच न कभी कोई कटुता थी, न है, हमारे बीच बहुत गर्मजोशी

ईमानदार कार्यकर्ता के रूप में ही देखा है। मैंने वर्षों से उनकी कार्यशैली को करीब से देखा है। मुझे पूरा विश्वास है कि वे संगठन और जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। उन्होंने भी परिणाम से व्यथा मिली का नाम लेकर नाराजगी नहीं जताई यह भी सभी कार्यकर्ताओं के प्रति उनके मन में सम्मान के भाव का प्रकटीकरण है।

### राजनीति में उतार चढ़ाव आते रहते हैं

नरोत्तम ने लिखा कि मैं अपने सभी साथियों और कार्यकर्ताओं से अपील करता हूं कि वे ऐसी कोई बात, टिप्पणी या व्यवहार न करें जिससे पार्टी, संगठन या आशुतोष को किसी प्रकार का नुकसान पहुंचे। हमारी ताकत हमारी एकजुटता, अनुशासन और संस्कार हैं। आशुतोष और मेरे बीच 25 वर्षों का पारिवारिक रिश्ता है। यह रिश्ता सदैव ऐसे ही बना रहेगा। राजनीति में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, लेकिन परिवार, संस्कार और रिश्ते हमेशा स्थायी रहते हैं।

## 21 करोड़ की साइबर ठगी में भाजपा नेता हिरासत में, मुरैना में खाद संकट से किसानों का हंगामा

**डीआर संवाददाता।। ग्वालियर**

बर्डई अकाउंटेंट अरोड़ा विकासगीत से हुई 21.06 करोड़ रुपये की साइबर ठगी के मामले में स्टेट साइबर पुलिस ने ग्वालियर के जिला संगठन सदस्य एवं भाजपा नेता जयदीप कुमार नाहरिया (फौजी) को हिरासत में लिया है। पुलिस उन्हें पूछताछ के लिए ग्वालियर ले गई। एसपी विवेक शुक्ला के अनुसार पाया में जयदीप से जुड़े एक बैंक अकाउंट में करीब 53 लाख रुपये के लेनदेन का पता चला है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि यह धन कहां से आई और इसका साइबर ठगी नेटवर्क से क्या संबंध है। नम्बरों से जुड़े अन्य बैंक खातों और संदिग्ध लेनदेन की भी जांच की जा रही है।

### खाद वितरण में अव्यवस्था, किसानों ने किया चक्काजाम

मुरैना। खरीफ सीजन के बीच जिले में खाद संकट गहराने से किसानों में भारी नाराजगी है। फोरमैन में खाद के टोकन के लिए करीब 500 मीटर लंबी कतार लग गई, जबकि मुरैना शहर में खाद वितरण में देरी से आक्रोशित किसानों ने एनएच-44 पर चक्काजाम कर दिया। पुलिस के आश्वासन के बाद जाम समाप्त हुआ। किसानों का आरोप है कि सरकारी स्तर पर पर्याप्त खाद होने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन मार्केटिंग गोदामों पर समय पर खाद उपलब्ध नहीं हो रही। वहीं, कर्फ्यू डाउन रहने से वितरण प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है, जिससे किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

# डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर सावन कृष्ण पक्ष 08 – 2083 सीहोर, दिन गुरूवार, दिनांक 06 अगस्त 2026


समीक्षा बैठक में निर्देश 66 प्रमुख तालाबों में से आधे तालाबों में मात्र 30 से 40 फीसदी तक भरा पानी, बाकी अभी भी सूखे

## मानसून कमजोर, पिछले साल से साढ़े पांच इंच कम बारिश, जिले के 27 तालाब अभी भी प्यासे

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिले में इस वर्ष सामान्य से कम बारिश होने का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। अगस्त का पहला सप्ताह शुरू होने के बावजूद मानसून अपेक्षित रफ्तार नहीं पकड़ पाया है। 3 अगस्त तक जिले में औसतन 2003 इंच (5087 मिमी) वर्षा दर्ज की गई, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि तक 25.44 इंच (646.3 मिमी) बारिश हो चुकी थी। यानी इस बार अब तक 5.41 इंच (138.4 मिमी) कम वर्षा हुई है। इसका सीधा असर जिले के जलाशयों, तालाबों और भूजल स्तर पर देखने को मिल रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि आगे आने दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो पेयजल और सिंचाई दोनों के लिए गंभीर संकट खड़ा हो सकता है।

**66 में से 27 प्रमुख तालाब पूरी तरह सूखे**

जल संसाधन विभाग के अनुसार जिले के 66 प्रमुख तालाबों में से 27 तालाब अब भी पूरी तरह सूखे पड़े हैं। शेष 39 तालाबों में भी उनकी क्षमता के मुताबिक केवल 30 प्रतिशत से 40 प्रतिशत तक ही जलभराव हो पाया है। इनाटी ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई व्यवस्था और शहरी क्षेत्रों की पेयजल आपूर्ति दोनों प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। बग वर्षा तालाब की 6.71 एमसीएम क्षमता के मुकाबले मात्र 1.40 एमसीएम (20.87 प्रतिशत) जल संग्रहित है।

आष्टा की आपातकालीन पेयजल व्यवस्था के लिए उपयोग होने वाले रामगुड़ खुर्द तेल की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। इसकी कुल क्षमता के मुकाबले केवल 2.38 एमसीएम (16.07 प्रतिशत) पानी ही उपलब्ध है। यदि बारिश नहीं बढ़ी तो शहर और कस्बों में जलापूर्ति प्रभावित होने की आशंका है।

**रबी फसल, कुए और हैंडपंप भी होंगे प्रभावित**

जल संसाधन विभाग के अनुसार यदि आगामी दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो जिले में लगभग 29 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में रबी फसल की सिंचाई और पीने का प्रभावित हो सकता है। इसके अलावा 1 लाख हजार से अधिक कुएं, हैंडपंप और ट्यूबवेल पर निर्भर रहे ये किसान नहीं हो पाएंगे। इससे गर्मी के मौसम में पेयजल संकट और गहरा सकता है तथा किसानों को भी कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

तालाबों में वर्षा की स्थिति

3 अगस्त तक रामगढ़ अपेक्षित वर्षा अपेक्षा में 2974 इंच (5812 मिमी) दर्ज की गई। इसके बाद रेहटी 2.26 इंच (5.66 मिमी) कुरवाई में 2.07 इंच (5.27 मिमी) जावर में 1.96 इंच (4.98 मिमी) सीहोरी 1.92 इंच (4.88 मिमी) तथा रेवासा की 1.82 इंच (4.62 मिमी) वर्षा रिकॉर्ड की गई। अधिकांश क्षेत्रों में वर्षा सामान्य से कम रहने के कारण जलाशयों में पर्याप्त जलभराव नहीं हो पाया।

**अगले तीन–चार दिन राहत की उम्मीद**

रानी अवन्तिबाई कृषि महाविद्यालय के मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र, सक्रिय मानसून ट्रफ और अरब सागर से मिल रही नमी के प्रभाव से अगले तीन से चार दिनों तक जिले में एक-एक कर मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना है। यदि मौसम विभाग का अनुमान सही साबित होता है तो सूखे पड़े तालाबों में पानी पहुंचेगा, जलाशयों का स्तर बढ़ेगा और किसानों के साथ आम लोगों को भी राहत मिलेगी।

**इन 27 तालाबों में अब तक नहीं पहुंचा पानी**

जल संसाधन विभाग के अनुसार "बरखेड़ी, बरखेड़ा, भाऊखेड़ी, बोरखी टैंक, डायलागाव, हरिनाखेड़ी, इछावर, कालापीपल, कंकालछेड़ा, बरेनाजीर, तपुरिया कलार, गुंडला, पोपरा, उमरावली टैंक, रामपुरा, रसूलपुरा, बरल बोरखी, बिगावतपुरा, मनुखिया भाटी, गैना–1, गैना–2, गंगापुरा, कुडवा, सेवदा और नीबूखेड़ा" सहित कुल 27 तालाब अब भी पूरी तरह सूखे पड़े हैं। इनमें जल संग्रहण और वर्षा जल संरक्षण की व्यवस्थाओं पर और गहराई से ध्यान दिए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

## लापरवाही पर बड़ी कार्रवाई, ठेकेदार का अनुबंध समाप्त, एक वर्ष के लिए ब्लैकलिस्ट

डीआर संवाददाता»सीहोर

मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी (एमपीयूडीसी) ने बुधनी अधोसंरचना विकास परियोजना में कार्य में देरी और निविदा शर्तों के उल्लंघन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए मेसर्स जीएलसी कंट्रोल कोलकाता/इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एवं मेसर्स कावेरी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम का अनुबंध समाप्त कर दिया है। कंपनी को एक वर्ष के लिए ब्लैकलिस्ट करने के साथ लगभग 5.00 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी भी जप्त करने का निर्णय लिया गया है।

एमपीयूडीसी के प्रबंध संचालक संकेत भोंडवे के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई के अनुसार संबंधित कंपनी बुधनी में एमपीयूएसआईपी एरिया डेवेलप जी ए के तहत टीय विलेज, रेटेल हाउसिंग, कन्वेंशन सेंटर, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, हाट बाजार सहित विभिन्न अधोसंरचना कार्यों का निर्माण कर रही थी। अनुबंध के अनुसार कार्य समय सीमा में पूरा किया जाना था, लेकिन निर्धारित अवधि बीतने के बाद भी प्रगति संतोषजनक नहीं रही।

एमपीयूडीसी ने बताया कि संबंधित कार्य को कई बार नोटिस जारी किए गए और समीक्षा बैठकों के माध्यम से कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए। इसके बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ और कंपनी का स्थानीयकरण भी स्वीकार नहीं किया गया। जांच के बाद अनुबंध समाप्त करने, ब्लैकलिस्ट करने और बैंक गारंटी राजसात करने का निर्णय लिया गया। एमपीयूडीसी ने स्पष्ट किया कि अधोसंरचना परियोजनाओं में गुणवत्ता और समयबद्धता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

### न्यूज गैलरी

**बलराम कृषि महोत्सव कल, तैयारियां शुरू**

**सीहोर।** किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत खेती, शासन की योजना सिंचाई योजनाओं की जानकारी देने के लिए 7 अगस्त को दोपहर 12 बजे कृषि उपज मंडी में बलराम कृषि महोत्सव होगा। महोत्सव में जिले भर के किसानों को सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर्यटन माध्यम से किसानों को संबोधित करेंगे। बलराम कृषि महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन तैयारियां कर रहा है।

**डायरल, दस्त–उल्टी का खतरा, विभाग की सलाह**

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग ने वर्षा ऋतु में मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है। सीएमएचओ डॉ. सुधीर डेहरिया ने बताया कि बारिश में सर्दी, खांसी, बुखार, वायरल संक्रमण, दस्त, उल्टी, टाइफाइड जैसी जलजनित और खाद्यजनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। बचाव के लिए साफ, स्वच्छ भोजन करें। खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों से बचें।

**आठ से 15 अगस्त तक होगी इंटर स्कूल फुटबाल स्पर्धा**

**सीहोर।** जिला स्तरीय इंटर स्कूल फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 8 अगस्त से 15 अगस्त 2026 तक टैगोर आवासीय स्कूल, इछावर में किया जाएगा, जिसमें 12 से अधिक टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता का आयोजन जिला फुटबाल संघ एवं जिला खेल विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। अब तक सनिमोहिला ने लगाना लगाए शोकतरी

**सीएमएचओ व डीपीओ ने टीकाकरण शिविरों का किया निरीक्षण**

**सीहोर।** सीएमएचओ डॉ. सुधीर डेहरिया एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञानेश खरे ने रेहटी तहसील के सेमरी, सलकनपुर, बोरखी सहित विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं आंगनवाड़ियों पर आयोजित ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के टीकाकरण शिविरों का निरीक्षण किया।

## शिकायतों के बीच मंडी थाना प्रभारी बदले, सुनील मेहर लाइन अटैच, अर्चना चौहान को मिली

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर पुलिस महकमे में मंगलवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया। पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवानी ने मंडी थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील मेहर को लाइन अटैच करते हुए उनकी जगह निरीक्षक अर्चना चौहान को मंडी थाने का नया प्रभारी नियुक्त किया है। इस बदलाव के बाद जिले में पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

सूत्रों के अनुसार, निरीक्षक सुनील मेहर के खिलाफ पिछले कुछ समय से विभिन्न मामलों में लगातार शिकायतें प्राप्त अधिकारियों तक पहुंच रही थीं। इनमें सोनिया क्षेत्र के एक जमीन विवाद तो लेकर स्थानीय लोगों द्वारा राजस्व मंडी कराना सिंह वर्मा और भोपाल के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) से की गई शिकायतें भी चर्चा में रहीं। वहीं मंडी क्षेत्र स्थित नालखेड़ा कॉलोनी में एक महिला की संदिग्ध मौत के मामले में भी थाना पुलिस की भूमिका पर सवाल उठे थे। हालांकि इन मामलों में किसी आधिकारिक निष्कर्ष की घोषणा नहीं की गई है।

नई थाना प्रभारी अर्चना चौहान ने सेवा में सुदृढ़ व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने तथा जनता का विश्वास मजबूत करने की कोशिश की जा रही है।

इस बदलाव में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे ने स्पष्ट किया कि निरीक्षक सुनील मेहर को नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत लाइन अटैच किया गया है। उन्होंने कहा कि इसे किसी प्रकार का दंडात्मक कार्रवाई के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। फिलहाल पुलिस विभाग ने इसे सामान्य प्रशासनिक व्यवस्था का हिस्सा बताया है।

## बुधनी में ट्राइडेंट कंपनी के कपास गोदाम में आग, दमकल की मदद से पाया गया काबू

डीआर संवाददाता»सीहोर

बुधनी स्थित ट्राइडेंट कंपनी परिसर में शुक्रवार को कॉटन कपास के एक गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें उठते ही परिसर में अफरा-तफरी मच गई और श्रमिकों के बीच घबराहट व असमंजस की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही प्रशासन, पुलिस और कंपनी प्रबंधन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया।

एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि कंपनी की कॉटन मिल में स्थित गोदाम में आग लगी है। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हालांकि सावधानी के तौर पर आसपास के क्षेत्र को खाली कराकर सुरक्षित स्थान पर भेजा गया है। सूचना मिलते ही दमकल गाड़ियों को बुधनी, रायसेन और भोपाल से मौके पर बुलाया गया। फिलहाल पुलिस टीम, स्थानीय नगर परिषद की दमकल और नर्मदापुरम से बुलाए गए दमकल वाहनों ने संयुक्त रूप से आग पर काबू पा लिया। फिलहाल मौके पर पुलिस का गश्त जारी है, ताकि दोबारा आग न भड़के।

घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हालांकि गोदाम में रखा कई बोरा में कपास जल गया, जिससे आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। प्रशासन और कंपनी प्रबंधन मामले की जांच कर रहे हैं तथा नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

## पीएम श्री जवाहर नवोदय स्थापना दिवस मनाया गया

डीआर संवाददाता»श्यामपुर

नवोदय स्थापना दिवस मनाया गया। भोपाल रोड स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय श्यामपुर में स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय प्राचार्य डॉक्टर के एक प्रयत्न उप प्राचार्य बी सी एस वाजपेयी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके श्रद्धांजलि दी गई तत्पश्चात सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं समस्त छात्रों के राजीव जी को याद किया प्राचार्य द्वारा उद्बोधन में बताया कि एक स्वप्नदर्शी के दीपक किसी व्यक्ति के नवोदय की ने छूट लिया जो पूरा स्कूल की तरह अन्य छात्रों के लिए भी स्कूल बन सकते हैं यह वह राजीव जी को परेशान कर गई उन्होंने तय किया कि इस तरह का एक गौरवशाली स्कूल बनाना चाहिए कि ग्रामीण गरीब आदिवासी जिसके छात्र–छात्राओं एवं बच्चा जाए वाले छात्र छात्रों के लिए उच्चतम स्तर की शिक्षा दी जाए उसे स्थापना की बारबार में मंत्री श्री नरसिंह राव जी ने इस कार्य को पूरा किया। उन्होंने नवोदय विद्यालय की परिकल्पना को साकार किया। छात्राओं ने भी राजीव जी के जीवन पर प्रकाश डाला कन्याओं शिक्षक निदेश कुमार द्वारा राजीव जी को याद किया तथा कार्यक्रम का संचालन संगीत शिक्षक रमाकर कुंदर पांडे द्वारा किया गया इस अवसर पर 150 मिला वर्ष विद्यालय स्थापित गुप्ता अजय गुप्ता आरती प्रजापति सावन दार्क अंकित ठाकुर अरुण अरुण अर्क जैसे लोग सहित काफी संख्या में मौजूद रहा

## सीहोर और कुरावर मंडियों में लहसुन व सोयाबीन के भाव मजबूत

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर और कुरावर जिले की कुरावर कृषि उपज मंडियों में शुक्रवार 6 अगस्त 2026 को कुछ जिंसों की अच्छी आवक दर्ज की गई। सीहोर मंडी में कुल 7436 क्विंटल और कुरावर मंडी में 4656 क्विंटल उपज की आवक हुई। दोनों मंडियों में लहसुन, सोयाबीन, सरसों, चना तथा अन्य फसलों की खरीद बिक्री पूरे दिन जारी रही। कई प्रमुख फसलों के दाम मजबूत रहने से किसानों को बेहतर मूल्य मिला।

**सीहोर कृषि उपज मंडी** में लहसुन ने सबसे अधिक आकर्षित किया। लहसुन का अधिकतम भाव 17605 रुपये प्रति क्विंटल जबकि मॉडल भाव 9100 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। पीली सोयाबीन का अधिकतम भाव 7116 रुपये और मॉडल भाव 7025 रुपये प्रति क्विंटल रहा। धनिया 15400 रुपये प्रति क्विंटल तक बिका। हरवों का अधिकतम भाव 8001 रुपये तथा मॉडल भाव 7449 रुपये रहा। मूंग 7325 रुपये तक बिकी जबकि सफेद चना 6801 रुपये और लाल चना 6301 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंचा। शरबती गेहूं का अधिकतम भाव 3651 रुपये तथा लोकवन गेहूं 3015 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंचा। ज्वार के दाम 780 से 2600 रुपये प्रति क्विंटल के बीच रहे।

**कुरावर कृषि उपज मंडी** में सरसों अधिक 3163 क्विंटल सोयाबीन की आवक दर्ज की गई। सोयाबीन का अधिकतम भाव 7156 रुपये और मॉडल भाव 6940 रुपये प्रति क्विंटल रहा। सरसों 7280 रुपये तक बिकी जबकि धनिया का अधिकतम भाव 14305 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। गेहूं का अधिकतम भाव 2835 रुपये तथा मसूर 6875 रुपये प्रति क्विंटल तक बिकी। मूंग का अधिकतम भाव 6875 रुपये और चना 5815 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

मंडी समिति ने किसानों से अपील की है कि वर्षा के मौसम को देखते हुए उपज को तिरपाल से ढककर ही मंडी लाएं ताकि अचानक बारिश होने पर फसल सुरक्षित रहे। समिति ने यह भी स्पष्ट किया कि फसल की गुणवत्ता, नमी और ढेरी के आधार पर भावों में परिवर्तन संभव है, इसलिए उपज बेचने से पहले नवीनतम दरों की जानकारी अवश्य प्राप्त करें।

### धर्म-समाज

10 अगस्त को मध्यप्रदेश इंफ्लुएंसर निकालेगा कांवड़ यात्रा, दंडवत करते हुए भी पहुंचे रहे शिवभक्त

## सीवन नदी तटसे कुबेरेश्वरधाम तक 11 किमी की यात्रा निकाली

डीआर संवाददाता»सीहोर

सावन मास में भगवान शिव के प्रति आस्था और विश्वास का अद्भुत नजारा शहर के सीवन नदी तट से प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम तक देखने को मिल रहा है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु कांवड़ 11 किलोमीटर के तीखे पथ पर पैदल कांवड़ लेकर कुबेरेश्वरधाम पहुंच रहे हैं। कई शिवभक्त दंडवत करते हुए अपनी आस्था की यात्रा पूरी कर रहे हैं।

कांवड़ यात्रियों की सेवा के लिए मार्ग में अनेक स्थानों पर सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा चाय, बिस्किट, नाश्ता, पेयजल, फलाहार और शिवजी सहित अन्य सामग्री का निशुल्क वितरण किया जा रहा है। सेवा पखवाड़े में पड़ी संख्या में सेवादार श्रद्धालुओं की सीहोर में निकाली गई कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

सेवा में जुटे हुए हैं। सीवन नदी तट से कुबेरेश्वरधाम तक कर पूरा मार्ग इन दिनों शिवमय से सराबोर दिखाई दे रहा है। मिला करने वाले की चिंता नहीं, भगवान पर विश्वास रखो का पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा आनलाइन की प्रवाह दिव्य महापुराण के तीसरे दिन तथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने श्रद्धालुओं को जीवन में अकेलेपन और मिला को लेकर महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अकेलेपन और निराश हमें अपनी गलतियों को सुधारने तथा बेहतर इंसान बनने का अवसर देते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे शहर, मोहल्ले और आसपास के क्षेत्र में मिला करने वाले अनेक लोग मिल जाते हैं। कई बार हमारे जुबान से भी किसी व्यक्ति के बारे में गलत बात निकल जाती है। यदि ऐसा हो जाए तो व्यक्ति को तत्काल एकजुट पश्चाताप करना चाहिए और भविष्य में ऐसी गलती दोबारा न करने का प्रयास करना चाहिए। 10 अगस्त को निकलेगी कांवड़ यात्रा जिलेश्वर सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित ने बताया कि सावन के दूसरे सोमवार 10 अगस्त को मध्यप्रदेश इंफ्लुएंसर के तत्वावधान में कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा दोपहर 1 बजे शहर के सीवन नदी तट से प्रारंभ होगी और कुबेरेश्वरधाम तक जाएगी। उन्होंने बताया कि यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। कांवड़ यात्रा को लेकर शिवभक्तों में खासा उत्साह है। यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न स्थानों पर सेवा कार्य भी किए जाएंगे।

## सलकनपुर डैम किनारे दिखा तेंदुआ, वन विभाग ने जारी की एडवाइजरी

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिले के इछावर–सलकनपुर मार्ग स्थित विध्यवास वन क्षेत्र में बड़े डैम के किनारे एक तेंदुआ दिखाई दिया। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने उसका वीडियो बनाया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेंदुआ कुछ देर तक डैम किनारे महलकदमी करता रहा। इससे पहले भी सलकनपुर मंदिर मार्ग, घाटी क्षेत्रों और जंगल से लगे उपनगरों के आसपास तेंदुए देखे जा चुके हैं।

वन विभाग ने श्रद्धालुओं, ग्रामीणों और पर्यटकों से घने जंगल व डैम क्षेत्र में अनावश्यक रूप से न रुकने, वन्यजीवों से दूरी बनाए रखने और तेंदुआ दिखने पर तुरंत विभाग को सूचना देने की अपील की है।

# डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर सावन कृष्ण पक्ष 08- 2083 सीहोर, दिन गुरूवार, दिनांक 06 अगस्त 2026


## न्यूज गैलरी

### शांति समिति की बैठक 13 अगस्त को

**सीहोर।** जिले में आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। कलेक्टर श्री बालतुरु के के निर्देशानुसार 13 अगस्त को दोपहर 3:00 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक बुलाई गई है। बैठक में आने वाले त्योहारों जैसे मिलाद-उन-नबी, स्वाधीनता, जन्माष्टमी, गणेशोत्सव, जैन धर्म का पर्युषण पर्व, अनंत चतुर्दशी, नवरात्र, विजयादशमी, वाल्मीकि जयंती, दीपावली, गुरु नानक जयंती और क्रिसमस आदि को लेकर सुरक्षा, यातायात और अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक में जनप्रतिनिधि, सर्वधर्म समिति और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्षा ऋतु में मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है। सीएमएचओ डॉ. कुमेर डेहरिया ने बताया कि वर्षा ऋतु में सर्दी, खांसी, बुखार, उदरगत संक्रमण, पेचश, उल्टी, टाइफाइड एवं अन्य जलजनित और वायुजनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इन बीमारियों से बचाव के लिए नागरिकों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। इन बीमारियों से बचाव के लिए उबला एवं स्वच्छ भोजन का ही सेवन करें तथा खुले में बिकने वाले तले-भुने एवं बासी खाद्य पदार्थों से परहेज करें। केवल स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल का उपयोग करें।

### जैन मुनी ने दिए आशीर्वचन

**आष्टा।** मोक्ष से बढ़कर कोई सुख नहीं है। मोक्ष की प्राप्ति होने पर पुराने कर्मों का क्षय हो जाता है और नए कर्मों का बंध नहीं होता। संयम बिना संवर संभव नहीं है। तपस्या करने के बाद रात्रि भोजन, जमीकंद आदि का सेवन नहीं करना चाहिए। जब नए कर्मों का बंध रुक जाता है, तब आत्मा के भीतर विद्यमान कर्मों की निर्जरा का अनुभव होता है। मन में संदेव पवित्रता बनाए रखनी चाहिए। धर्म के प्रभाव से व्यक्ति राग-द्वेष से रहित होता है और तपस्या से मोक्ष में आत्मा का साक्षात्कार कर सकता है। उक्त विचार पंन्यास प्रवर वज्रसेन विजय महाराज ने श्री नेमिनाथ सोसायटी जैन मंदिर के उपाश्रय में आयोजित दिए।

### अब तक 2560 घरों में रूफटॉप प्लांट स्थापित

**सीहोर।** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी एवं नर्मदा और मध्यप्रदेश ऊर्जा संगठन द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना चलाई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत सीहोर वृत्त में सोलर छतों को लेकर नागरिकों में जबरदस्त जागरूकता देखने को मिल रही है। महाप्रबंधक पुष्पेन्द्र तुमराम ने बताया कि सीहोर वृत्त में अब तक कुल 2560 घरों में रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं। इन घरों द्वारा प्रतिमाह लगभग 93,055.96 यूनिट अतिरिक्त बिजली ग्रिड को एक्सपोर्ट की जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं के बिजली बिल में 30 से 70 प्रतिशत तक की कमी आई है। इसके साथ ही राज्य को भी स्वच्छ ऊर्जा प्राप्त हो रही है। योजना के तहत उपभोक्ताओं को सोलर प्लांट लगाने पर केन्द्र सरकार द्वारा वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें 1 किलोवॉट पर 30 हजार रुपये

आगजनी

कलेक्टर ने भैरूंदा एवं रेहटी में मूंग उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण

# मूंग उपार्जन में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए - कलेक्टर

डीआर संवाददाता»सीहोर

"कलेक्टर बालतुरु के ने भैरूंदा और रेहटी में मूंग उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर खरीदी व्यवस्था, गुणवत्ता परीक्षण और किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों और केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि उपार्जन कार्य पूरी तरह निर्धारित मापदंडों के अनुरूप, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से किया जाए। साथ ही किसानों के नाम पर व्यापारियों द्वारा अवैध रूप से मूंग बेचने की संभावनाओं पर निगरानी रखने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने खेमेश्वर से आने सामने गुणवत्ता परीक्षण की पूरी प्रक्रिया कराई। उन्होंने नमी (मॉइस्चर), छोटे-बड़े दानों की छटाई, मिट्टी एवं अन्य अशुद्धियों की जांच का अवलोकन करते हुए कहा कि सभी किसानों की उपज की जांच एक समान मानकों के आधार पर निष्पक्ष तरीके से की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में मॉस-एफएक्यू (M-FAQ) गुणवत्ता की उपज की खरीदी नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने सोसायटी प्रबंधकों को निर्देश दिए कि किसी भी वेयरहाउस के भरने की स्थिति बनने से कम से कम दो दिन पहले जिला उपार्जन समिति को सूचना दी जाए, ताकि समय रहते वैकल्पिक भंडारण की व्यवस्था की जा सके। उन्होंने बारदानों, वजन के कांटे, तौल सामग्री और अन्य आवश्यक संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने साफ कहा कि जिन किसानों के स्लॉट की अवधि समाप्त होने वाली है, उनकी खरीदी को प्राथमिकता दी जाए और शेष किसानों की खरीदी निर्धारित स्लॉट के अनुसार हो। उपार्जन केंद्रों पर पेयजल, बैठने की व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों से प्रतिदिन निरीक्षण कर शिकायतों का मौके पर ही निराकरण करने को कहा।

कलेक्टर ने किसानों से अपील की कि वे केवल अपने स्लॉट वाले दिन या उससे एक दिन पहले ही उपज लेकर केंद्र पहुंचें, ताकि अनावश्यक भीड़ और असुविधा से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र किसान की उपज का पारदर्शी और सुगम तरीके से उपार्जन किया जाएगा तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

भैरूंदा और रेहटी के मूंग उपार्जन केंद्रों के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालतुरु के ने गुणवत्ता परीक्षण, पारदर्शी खरीदी और किसानों की सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने व्यापारियों की अवैध बिक्री पर निगरानी, समयबद्ध खरीदी, पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

## विकास योजनाओं की समीक्षा, विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने दिए समयबद्ध कार्य के निर्देश

डीआर संवाददाता»आष्टा

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने शुक्रवार को जनपद पंचायत सभाकक्ष में सभी संबंधित अधिकारियों की त्रैमासिक समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। बैठक में मुख्यमंत्री अवसंरचना मद और विधायक निधि से स्वीकृत कार्यों की पीपीटी के माध्यम से समीक्षा की गई। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत स्वीकृत आवासों की प्रगति पर चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रहे।

बैठक में एकल गल-जल योजनाओं और सामुदायिक नल-जल योजना की समीक्षा करते हुए विधायक ने कार्य शीघ्र पूरा कर घर घर नल से जल संबंधित मुद्दों पर समाधान का आश्वासन दिया।

लोक निर्माण विभाग की सड़कों के निर्माण कार्यों में देरी पर नाराजगी जताते हुए समय-सीमा का पालन नहीं करने वाले ठेकेदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। नवीन मंडी बूरू करने में आ रही बाधाओं पर मंडी समिति से जानकारी ली गई। किसानों और व्यापारियों के लिए पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा मंडी तक पहुंचमार्ग विस्तार के निर्देश नगर पालिका को दिए गए। बैठक में पीएम आवास योजना 2.0, स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत एसटीपी निर्माण, महिला एवं बाल विकास, उद्यानिकी, वन, खाद्य एवं जल संसाधन विभागों की योजनाओं की भी समीक्षा की गई। विधायक ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और शासन स्तर पर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

## ग्वालटोली की पानी टंकी में बड़ा लीकेज, लाखों लीटर पेयजल बहाय

डीआर संवाददाता»सीहोर

शहर के ग्वालटोली क्षेत्र स्थित मुख्य पेयजल टंकी में बुधवार को बड़ा लीकेज होने से लाखों लीटर शुद्ध पेयजल व्यर्थ बह गया। टंकी के पश्चिमी हिस्से और मुख्य पाइपलाइन के जोड़ों से लगातार पानी रिसने के कारण आसपास की सड़कों पर जलभराव हो गया। इससे शहर के कई वार्डों में जलापूर्ति प्रभावित हुई और कई घंटों तक पर्याप्त दबाव से पानी नहीं पहुंच सका।

स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि पाइपलाइन का दबाव कम होने से नालियों का गंदा पानी पेयजल लाइन में मिल सकता है, जिससे जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। रहवासियों का कहना है कि लंबे समय से रिसाव की शिकायतें की जा रही थीं, लेकिन लगातार बहते रहने तक नहीं कराई गई। सूचना देने के बाद भी तकनीकी टीम के देर से पहुंचने पर लोगों ने नाराजगी जताई।

शहर वासियों अध्यक्ष घनश्याम वाल्के ने तत्काल मरम्मत और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

वहीं नगर पालिका ने लीकेज की पुष्टि करते हुए कहा कि तकनीकी टीम के मौके पर भेज दिया गया है और जल जलापूर्ति सामान्य करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## भाजपा नगर मंडल की मासिक बैठक का आयोजन, नौ अगस्त से हर घर तिरंगा अभियान होगा

डीआर संवाददाता»सीहोर

बुधवार को शहर के लीला कॉलोनी कॉलोनी स्थित विधायक कार्यालय पर भाजपा जनता पार्टी नगर मंडल सीहोर की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। विभागीय कार्यालयों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर मंडल प्रभारी शारदिंह पटेल, संगठन महामंत्री के अतिरिक्त भोपाली का संबोधित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर शुरू हुआ हर घर तिरंगा अभियान आज राष्ट्रपति का जन्मदिवस तक चलेगा है। इसकी तैयारियों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और गौरव की भावना मजबूत हुई है।

उन्होंने विकसित भारत 2047 के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

बैठक में श्रद्धेय संत रविदास महाराज की 650 वी जन्म जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाले मन की बात कार्यक्रम को अधिक प्रभावी एवं व्यापक बनाने तथा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों एवं जनभागीदारी सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

बैठक में सभी कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए पूर्ण समर्पण एवं उत्साह के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर मंडल प्रभारी शारदिंह पटेल, पूर्व जिला महामंत्री रवि भागले, जिला मीडिया प्रभारी प्रीतेश राठौर, जिला मंत्री प्रीति सोनी, सह मीडिया प्रभारी पवन जैन, संयोजक श्री गणेश नागदेव सहित सभी वरिष्ठजन, मंडल के पदाधिकारी, कार्यकारणी, मोर्चा अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शांति समिति की बैठक 13 अगस्त को

**सीहोर।** जिले में आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। कलेक्टर श्री बालतुरु के के निर्देशानुसार 13 अगस्त को दोपहर 3:00 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक बुलाई गई है। बैठक में आने वाले त्योहारों जैसे मिलाद-उन-नबी, स्वाधीनता, जन्माष्टमी, गणेशोत्सव, जैन धर्म का पर्युषण पर्व, अनंत चतुर्दशी, नवरात्र, विजयादशमी, वाल्मीकि जयंती, दीपावली, गुरु नानक जयंती और क्रिसमस आदि को लेकर सुरक्षा, यातायात और

## आरटीआई संस्थानों के निजीकरण का विरोध सरकार कॉरपोरेट दोस्तों को सौंप रही खान

डीआर संवाददाता»रेहटी

रेहटी ग्राम पंचायत में एकलव्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की कॉलोनी स्थित संस्थान इमारों ने पूरे गांव में निजीकरण के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली। नुक्कड़ सभा भी की। विद्यार्थियों ने कहा, मध्य प्रदेश की जनविरोधी, शिक्षा विरोधी नीतियां जनता के सामने रखी जा रही हैं।

जनता की गाढ़ी कमाई से बने सार्वजनिक संस्थान कॉरपोरेट दोस्तों को सौंपे जा रहे हैं। संगठन ने कहा, मध्य प्रदेश के सारे पिछड़े, दुरस्थ आदिवासी बहुल जिलों के आईटीआई केंद्र निजी एनजीओ परम फाउंडेशन को सौंपने की ओर कदम बढ़ चुका है। इसमें सीधी, झाबुआ, बैतूल, खरगोन जैसे जिले शामिल हैं। क्षेत्र का एकमात्र आदिवासी आईटीआई संस्थान कालडी में इसमें शामिल है। विद्यार्थियों ने कहा, बच्चों के भविष्य पर शिक्षा के बदले मंडरा रहे हैं। प्रतियोगी विद्यार्थी संगठन की इकाई उपाध्यक्ष आकाशी बरकड़े ने कहा, प्रदेश की भाजपा सरकार ने शिक्षार्थियों को सड़कों पर उतारने की मजबूर कर दिया है। यह लड़ाई भविष्य बचाने की लड़ाई है। उन्होंने कहा, पूर्वोदयी, कॉर्पोरेट दबाव सरकार ने अपने-खासे शिक्षण संस्थान निजी हाथों में सौंपकर देश से भविष्य की घोर अवहेलना की है।

संगठन उपाध्यक्ष रामकिशोर रहेकर ने कहा, 12 साल पहले 5 परिवार चार करोड़ रुपए की लागत से बने थे। अब उसे बेचने की जरूरत क्यों आ गई। उन्होंने कहा, राज्य स्तर पर यह मामला रीलाई करोड़ रुपए की लूट की उलगार करता है।

## निपानिया कलां की माताओं-बहनों का आत्मीय स्वागत, सुंदरकांड समिति ने किया सम्मान

डीआर संवाददाता»सीहोर

पैतृक गांव निपानिया कलां से क्षेत्र के प्रसिद्ध श्री गणेश मंदिर दर्शन के लिए आई माताओं एवं बहनों का शहर में आत्मीय स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्री गणेश के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलकामना की तथा बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

मंदिर दर्शन के बाद मंडी क्षेत्र के पास इंदौर चौराहे एवं उनकी टीम ने सभी माताओं-बहनों का पुष्प स्वागत कर स्वल्पाहार की व्यवस्था की। इसके बाद ग्राम निपानिया कलां की हनुमान मंदिर सुंदरकांड समिति के श्री हरि नारायण उमरावदिया एवं उनकी टीम ने हनुमान मंदिर परिसर में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया और सभी ने मंदिर भाव से कार्यक्रम में सहभागिता की।

कार्यक्रम में गीताबाई (नानी बाई), सीरन बाई, बिन्दा बाई, रीना बाई, देवकी बाई, मन्ना बाई सहित गांव की अनेक माताएं-बहनें उपस्थित रहीं। आत्मीय स्वागत और सम्मान के इस आयोजन ने गांव और शहर के बीच सामाजिक एवं पारिवारिक जुड़ाव को और मजबूत किया।

महापुराण

झरखेड़ा में शिव महापुराण कथा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

## शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, आज होगा शिव-पार्वती विवाह

डीआर संवाददाता»झरखेड़ा

ग्राम झरखेड़ा के पाटीदार मांगलिक भवन में आयोजित सात दिवसीय "श्री शिव महापुराण कथा" के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। राष्ट्रीय सनातन धर्म प्रचारिका जयंती किशोरी शर्मा ने भगवान शिव की दिव्य लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि उनकी महिमा और लीला को समझ पाना सामान्य मनुष्य के लिए संभव नहीं है। कथा के दौरान पूरा परिसर "हर-हर महादेव" के जयघोष और शिव भजनों से गुंजायमान हो उठा। प्रतिदिन दोपहर 12 से 3 बजे तक चल रही कथा में आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा का आयोजन महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री केशव दास जी महाराज के पावन सान्निध्य में हो रहा है।

आयोजन समिति के अनुसार बुधवार को कथा के चौथे दिन भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य विवाह प्रसंग का गायन किया जाएगा, जिसे लेकर प्रतिभागी में विशेष उत्साह है। कथा के तुरंत से पहले निकाली गई भव्य शोभायात्रा ने पूरे गांव को भक्तिमय बना दिया था। ग्राम महिला मंडल पिछले पांच वर्षों से लगातार इस धार्मिक आयोजन का सफल संचालन कर रहा है। प्रतिदिन कथा के समापन पर भव्य महाआरती और महाप्रसादी का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने और भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

## सावन मेला आज, 40 से अधिक स्टॉलों से सजेगा सोनी मंदिर परिसर

डीआर संवाददाता»सीहोर

सावन माह के पावन अवसर पर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंडल द्वारा गुरुवार को सोनी मंदिर परिसर में भव्य सावन मेले का आयोजन किया जाएगा। सुबह 11 बजे शुरू होने वाले मेले में व्यंजन, खान-पान, हस्तशिल्प और घरेलू उपयोग की सामग्री के 40 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे। मंडल की अध्यक्ष मंजू रौसेन अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2010 से लगातार आयोजित हो रहे इस मेले को हर साल शहरवासियों का भरपूर सहयोग मिलता है। इस बार इंदौर, भोपाल, बैतूल, जावर और पिपरिया सहित कई शहरों से स्टॉल संचालक भाग ले रहे हैं। सभी स्टॉल पहले ही बुक हो चुके हैं। मंडल की सदस्य विनीता सोनी और कोषाध्यक्ष पुष्पा सोनी सहित पूरी टीम आयोजन को अंतिम रूप देने में जुटी है। आयोजकों के अनुसार मेले का उद्देश्य केवल खरीदारी नहीं, बल्कि सावन पर्व के उल्लास, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देना भी है।

## न्यूज गैलरी

### मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने

गुलाबगंज। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद पर राकेश कटारे की नियुक्ति के बाद गुलाबगंज में स्वागत कराया। मुख्य बाजार में पटाखे फोड़े गए, मिठाइयां बांटी गई और एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया गया। कार्यकर्ताओं ने कटारे को बधाई देते हुए उनकी संगठनात्मक क्षमता और किसानों के हित में किए गए कामों की सराहना की। राकेश कटारे ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा से किसानों के हितों की रक्षा, संगठन को मजबूत बनाने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए कार्य करेंगे।

### नीतू सिंह राजपूत बनीं महिला कांग्रेस अध्यक्ष

विदिशा। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा की स्वीकृति एवं मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी समिया की अनुशंसा पर जारी पहली सूची में नीतू सिंह राजपूत को विदिशा जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन विस्तार अभियान के तहत हुई इस नियुक्ति का कांग्रेस कार्यकर्ताओं और महिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी।

### दीपनि विद्यालय के छात्र ट्रैक्टर-ट्रॉली से स्कूल जाने को मजबूर

विदिशा। जिले के नटेरन स्थित संदीपनि विद्यालय में परिवहन व्यवस्था की कमी के कारण कई छात्र ट्रैक्टर-ट्रॉली से स्कूल आने-जाने को मजबूर हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के कैलाशी छात्रों के लिए शुरू की गई योजना संसाधनों के अभाव से प्रभावित हो रही है। अभिभावकों ने नियमित स्कूल बसें चलाने की मांग करते हुए बच्चों की सुरक्षा पर चिंता जताई है। शिक्षा विभाग ने स्वीकार किया कि छात्रों की संख्या बढ़ने से उपलब्ध वाहन पर्याप्त नहीं हैं। विदिशा, नटेरन, बासौदा और लटेरी में समस्या अधिक है तथा अतिरिक्त बसों की मांग कर प्रस्ताव

### पांच घंटे धूप में इंतजार करते रहे खिलाड़ी ट्रायल नहीं हुआ शुरू

विदिशा। बुधवार को आयोजित कबीर स्तरीय हैंडबॉल एवं नेटबॉल चयन ट्रायल अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया। सुबह 11:30 बजे पहुंचे अंडर-14, 17 व 19 वर्ग के खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को करीब पांच घंटे तक धूप में इंतजार करना पड़ा। खिलाड़ियों का आरोप है कि निर्धारित समय पर न अधिकारी, कोच या पीटीआई मौजूद थे और न ही ट्रायल शुरू हुआ। दोपहर बाद केवल खिलाड़ियों के नाम दर्ज किए गए। नाराज खिलाड़ियों और अभिभावकों ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए विभाग से जांच, दोषियों पर कार्रवाई तथा व्यवस्था में सुधारबद्ध और पारदर्शी ट्रायल कराने की मांग की है।

### रिटायर्ड पटवारी की सड़क हादसे में मौत

विदिशा।दिनेश मीणा, सेवानिवृत्त पटवारी की हाईवे पर हुए सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा बिजौत जंक्शन थाना क्षेत्र में हुआ। जानकारी के अनुसार, कल्याण सिंह मीणा किसी कार्य से जा रहे थे, तभी हाईवे पर उनका वाहन पुलिटपासस हो गया। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## चुनाव, पहली बार महिला प्रत्याशी ने दाखिल किया नामांकन, मतदान 16 को

# हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष बनने 6 लोगों के जमा किए नामांकन, वापसी 7 को नाम

16 अगस्त को सनातन धर्मी हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होना है। बुधवार को 6 लोगों ने नामांकन जमा कर अपनी दावेदारी पेश की। जिनमें एक महिला भी शामिल हैं। वर्ष 2014 में बनी सनातन धर्मी हिंदू उत्सव समिति में यह पहला अवसर है जब किसी महिला उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल किया। आज नामांकन पत्रों की जांच होगी। दोपहर में दावा आपत्ति प्रस्तुत किए जाएंगे।

2014 में बनी समिति, अब तक पांच रह चुके

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

सनातन धर्मी हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पद के निर्वाचन के लिए बुधवार को नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। शाम 4 बजे तक कुल 8 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन जमा किए।

समिति के इतिहास में यह पहली बार है, जब किसी महिला प्रत्याशी ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया है। नूतन चुनाव अधिकारी एडवोकेट संदीप शर्मा व निर्वाचन अधिकारी प्रेमनारायण विश्वकर्मा ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान सरदार रघुवंशी, रामगोपाल वानी,मिथिलेश वानी, भूपेंद्र रघुवंशी, कमलेश अहिरवार एवं वीरेंद्र बाथम ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन फार्म जमा किए हैं। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 6 अगस्त को दोपहर 12 से 1 बजे तक नामांकन वापसी की जांच की जाएगी। इसके बाद दोपहर 1 से 3 बजे तक नामांकन पत्रों पर दावा आपत्ति प्रस्तुत की जा सकेंगी। 7 अगस्त को दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। नाम वापसी के बाद चुनाव मैदान में बचे प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी। इसके बाद 16 अगस्त को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। मतदान के बाद मतगणना 17 अगस्त को होगी। मतदान के लिए मतदाता पहचान पत्र अनिवार्य होगा। एक जानकारी समिति अध्यक्ष कार्य हाल ही गई।

### करने के दिए निर्देश

वर्ष जन्म किए।

### वर्ष 2014 से अब तक पांच अध्यक्ष रह चुके हैं।

### 8 अगस्त को प्रत्याशियों की सूची और चुनाव चिन्ह:

8 अगस्त को दोपहर 12 से 1 बजे तक प्रत्याशियों की अंतिम सूची इकट्ठित की जाएगी। इसके बाद चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। 16 अगस्त को होगा मतदान। मतदान के बाद मतगणना 17 अगस्त को होगी। मतदान के लिए मतदाता पहचान पत्र अनिवार्य होगा। एक जानकारी समिति अध्यक्ष कार्य हाल ही गई।

## पिपलधार और पहन गांव के बीच बुधवार शाम लूटकी घटना, पुलिस की 5 टीमें जांच में जुटी

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

शमशाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिपलधार और पहन गांव के बीच बुधवार शाम लूट की वारदात सामने आई। हाट बाजार से व्यापार कर वापस लौट रहे सराफा व्यापारी संजय सोनी और उनके बेटे को तीन अज्ञात बदमाशों ने रोक लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने गोली मार दी। इसके बाद लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषण लूटकर एमन फरार हो गए। पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। बुधवार शाम साढ़े 6 बजे रायसेन गेट, विदिशा निवासी सर्राफा व्यापारी संजय सोनी अपने बेटे के साथ पिपलधार गांव में लगे साप्ताहिक हाट बाजार से लौट रहे थे। अभी वे पहन गांव के पास पहुंचे ही थे कि सामने से बाइक पर सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने उनकी बाइक रोक दी।

बदमाशों ने उनके पास रखे आभूषणों से भरा बैग छीनने का प्रयास किया। व्यापारी और उनके बेटे ने हिम्मत दिखाते हुए बदमाशों का कड़ा मुकाबला किया। वे उन पर चोटें पहने लगे। स्थिति बिगड़ती देख बौखलाए बदमाशों ने व्यापारी पर फायरिंग कर दी। गोली संजय सोनी के हाथ में जा लगी। वे गंभीर रूप से घायल हो गए। वे खून से लथपथ हो गए। इसके बाद बदमाश लाखों के आभूषण लेकर फरार हो गए।

30 ग्राम सोना और 10-12 किलो चांदी लूटने की शिकायत

एसडीओपी अमरेश बोहरे ने बताया कि व्यापारी की शिकायत के अनुसार बदमाश करीब 30 ग्राम सोना और लगभग 10-12 किलोग्राम चांदी लूटकर ले गए हैं। व्यापारी से विस्तृत हिसाब लिया जाएगा, जिसके बाद वास्तविक नुकसान का आकलन किया जाएगा।

## शमशाबाद नवोदय विद्यालय में फुटबॉल टीम चयन ट्रायल शुरू, 316 खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

डीआर संवाददाता ✍ शमशाबाद

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, शमशाबाद में भोपाल संभाग की राष्ट्रीय स्तर की बालक एवं बालिका फुटबॉल टीम के चयन के लिए दो दिवसीय ट्रायल की शुरुआत हुई। 5 से 6 अगस्त तक चलने वाली इस चयन प्रक्रिया में नवोदय विद्यालयों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

ट्रायल में कुल 316 खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं, जिसमें 258 बालक और 58 बालिकाएं शामिल हैं। बालक वर्ग में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 तथा बालिका वर्ग में अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों का चयन किया जा रहा है।

विद्यालय प्राचार्य विरेंद्र कुमार ने बताया कि चयनित खिलाड़ी भोपाल संभाग की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता 20 से 22 अगस्त तक अहमद के डिंडोरा और सोनितपुर में आयोजित होगी।

चिन्हित चयन के लिए उमरानुसार फुटबॉल स्कूल के कोच, रेफरी और अधिकारियों विशेषज्ञों की टीम ने प्रशिक्षण शिविर 7 अगस्त से शमशाबाद में और बालक टीम का प्रशिक्षण शिविर देवास में आयोजित किया जाएगा।

## धान-सोयाबीन सूखने लगी तो किसानों ने चरने के लिए छोड़ दी भेड़, बकरियां

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा मानसून खत्म होते ही धान और सोयाबीन की फसल सूखने लगी तो किसानों ने खाली खेत चरने के लिए अपने खेतों में भेड़ और बकरियां छोड़ दी। खेतों में दिखाई दे रहा यह नजारा ग्राम सुजाखेड़ी के पास निर्माणाधीन लाइने के किनारे का है। जिले में अब तक 391 मिमी बारिश ही दर्ज हो सकी है। जबकि जरूरत 1075 मिमी बारिश की है। यही वजह है कि अब तक 24 इलाकों में धान की फसल की बोवनी ही नहीं हो सकी है।

इस बार धान का रकबा 52 हजार हेक्टेयर रखा गया था। अब तक 52450 हेक्टेयर में बोवनी हो चुकी है। धान की 79 प्रतिशत बोवनी का दावा किया जा रहा है। अभी भी 24 प्रतिशत बोवनी होना बाकी है। 96 रकबे में बोवनी का दावा कृषि विभाग द्वारा किया जा रहा है।

बोवनी 844296हेक्टेयर में हुई थी। इस बार 5 लाख 26 हजार 600 हेक्टेयर में खरीफ फसलों का रकबा रखा गया है। अब तक इसमें 507939 हेक्टेयर में बोवनी हो चुकी है। अब तक कुल 96. रकबे में बोवनी का दावा कृषि विभाग द्वारा किया जा रहा है।

## मप्र कांग्रेस के सभी विभाग और प्रकोष्ठ भंग, पुनर्गठन की तैयारी

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के निर्देश पर मप्र कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश की सभी विभागों, प्रकोष्ठों तथा उनकी जिला, शहर, ब्लॉक और अन्य सभी स्तर की इकाइयों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता मुकेश शर्मा ने बताया कि संगठन को अधिक सक्रिय, प्रभावी और मजबूत बनाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। आदेश के अनुसार वर्तमान कार्यकारिणियों को समाप्त कर संगठन का पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुनर्गठन पूरा होने के बाद पुराने विभागों और प्रकोष्ठों में नई नियुक्तियां की जाएंगी। पार्टी के उद्देश्य नए शामिल सदस्यों, कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ाना और संगठन को जमीनी स्तर पर अधिक सशक्त बनाना है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच इस निर्णय एवं संगठनात्मक मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है तथा अब नई नियुक्तियों और नए संगठनात्मक ढांचे का इंतजार है।

## पीएम श्री जेएनवी शमशाबाद में धूमधाम से मनाया गया नवोदय विद्यालय समिति स्थापना दिवस

डीआर संवाददाता ✍ शमशाबाद

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, शमशाबाद में नवोदय विद्यालय समिति स्थापना दिवस उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन नवोदय विद्यालय समिति के निर्देशों एवं विद्यालय के प्राचार्य विरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य विरेंद्र कुमार, उप-प्राचार्य एस.डी. मिश्रा, शिक्षक-कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

इस अवसर पर पीजीटी गणित विभाग श्री पंकज गौतम ने स्थापना भाषण देते हुए नवोदय विद्यालय समिति के ऐतिहासिक महत्व और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। प्राचार्य श्री विरेंद्र कुमार ने कहा कि नवोदय विद्यालयों की स्थापना जिन उद्देश्यों से की गई थी, वे आज भी प्रासंगिक रूप से पूरे हो रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों से नवोदय की उच्च परंपराओं को बनाए रखने का आह्वान किया। उप-प्राचार्य श्री एस.डी. मिश्रा ने कविता के माध्यम से नवोदय के संकल्पों को प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने कविता पाठ, भाषण और सामाजिक संदेश देने वाले नुक्कड़ नाटक की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। मंच संचालन सना 10वीं की छात्रा सुकृति शिवार ने किया। अंत में किरण गोमी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**उपाए बताए** ड्रायविलिटिस सेंटर को आधुनिक बनाने के लिए कई अहम फैसले, लाखों की सुविधाओं का होगा विस्तार

## आयुष्मान सुविधा, पैथोलॉजी लैब और नए भवन के प्रस्ताव पर सहमति

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा जापार महासंघ डायलिसिस ट्रस्ट की प्रथम साधारण सभा की बैठक ट्रस्ट अध्यक्ष राकेश जैन की अध्यक्षता में डायलिसिस सेंटर परिसर में हुई।

बैठक का संचालन महामंत्री नरेंद्र सोनी ने किया। बैठक में वर्ष 2025-26 की ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत कर विस्तृत चर्चा के बाद सर्वसम्मति से स्वीकृत की गई।

बैठक में डायलिसिस सेंटर को अधिक आधुनिक एवं सुविधाजनक बनाने के लिए भवन की रंगाई-पुताई, छत की मरम्मत, नए पलंग, कुर्सियां, अतिरिक्त पंखे तथा बड़े जनरेटर की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। मरीजों को आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराने राकेश जैन को अधिकृत किया गया। कटनी केंद्रों से आने वाले गरीबों के ठहरने के लिए लम्बरे निर्माण का प्रस्ताव भी पारित किया गया।

मरीजों को लागत मूल्य पर जांच सुविधा उपलब्ध कराने पैथोलॉजी लैब एवं सोनोग्राफी सेंटर स्थापित करने के लिए नए भवन के निर्माण का प्रस्ताव भी स्वीकृत किया गया। आवश्यकता अनुसार असिस्टेंट टेक्निशियन एवं नर्स की नियुक्ति का अधिकार अध्यक्ष एवं महामंत्री को दिया गया। बैठक में सीएसआर के माध्यम से बड़ा जनरेटर उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा गया। साथ ही चाणरियों से अपील की गई कि वे जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ या स्मृति दिवस पर 700 का सहयोग देकर जरूरतमंद मरीजों की मदद करें।

स्कूल अध्यापक एवं रेडिंग अखबार के अपने पिता स्व. रामनारायण अहवाल की स्मृति में दो एसी के लिए 50 हजार का चेक भेंट किया, जबकि वरिष्ठ समाजसेवी सुन्ना मैया जैन ने पांच अत्याधुनिक पलंग देने की घोषणा की।

## बड़ी चोरी का खुलासा, लाखों का माल बरामद कार और नगदी जेवर सहित आरोपी गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ✍ शमशाबाद

शमशाबाद पुलिस ने भोपाल निवासी आरोपी के पास से 10 लाख रु. का सामान बरामद किया खुलासा करते हुए एक आरोपी को शमशाबाद पुलिस ने घर में चोरी और कार चोरी की वारदात का गिरफ्तार कर करीब 10 लाख रुपए का चोरी का माल बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की वेनआर कार, दो सोने के मंगलसूत्र, दो जोड़ी चांदी की पायल और 2 हजार रुपये नकद जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार 17 अक्टूबर 2025 को करियापी ने घर से जेवर व नकदी तथा बाहर खड़ी कार चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर 3 अगस्त

2025 से चोरी एक जनरीश (35), निवासी बुल्ली सेवनिया, भोपाल को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी करना स्वीकार किया और उसकी निशानदेही पर पूरा माल बरामद हुआ।

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई में एएसपी मोनिका तिवारी, एसडीओपी अमरेश बोहरे तथा थाना प्रभारी आशुतोष सिंह सहित शमशाबाद थाना पुलिस की अहम भूमिका रही।

## न्यूज गैलरी

### मोहर्रम का चालीसवा संपन्न, आज कर्बला में ठंडे होंगे ताजिए

**राजगढ़।** जिले में मोहर्रम चालीसवें के अवसर पर मुस्लिम समाज ने परंपरागत तरीके से ताजिये निकाले। अंजुमन इस्लाम कमेटी के जिला सदर हाजी अब्दुल इलीक खान ने बताया कि चालीसवें के मौके पर खिलचीपुर में 07, ब्यावरा में 03 और राजगढ़ में 02 ताजिए बनाए गए। वहीं सारंगपुर में जिला मुस्लिम समाज ने सजीवाड़ा इमामबाड़े में मजलिस का आयोजन किया। उन्होंने बताया कि ब्यावरा में बनाए गए ताजिए बुधवार दोपहर 2 बजे तक नेताजी नगरी स्थित कर्बला घाट पर ले जाकर ठंडे किए जाएंगे। इसके साथ ही मोहर्रम की धार्मिक परंपराए संपन्न होंगी।

### जन-विश्वास अभियान की तैयारियों का किया निरीक्षण

**राजगढ़।** मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत 7 को आयोजित होने वाले शिविर की तैयारियों को लेकर सीएमएचओ डॉ. सोना पटेल ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नयोर का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं, उपचार साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेकर निर्देश दिए। इसके बाद आयोजित बैठक में स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सा अधिकारियों और उप स्वास्थ्य केंद्रों के सीएमओ को शिविर के उद्देश्य एवं क्रियान्वयन की जानकारी दी गई।

### जन-विश्वास अभियान की तैयारियों का किया निरीक्षण

**राजगढ़।** मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत 7 को आयोजित होने वाले शिविर की तैयारियों को लेकर सीएमएचओ डॉ. सोना पटेल ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नयोर का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं, उपचार व्यवस्था, साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेकर निर्देश दिए। इसके बाद आयोजित बैठक में स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सा अधिकारियों और उप स्वास्थ्य केंद्रों के सीएमओ को शिविर के उद्देश्य एवं क्रियान्वयन की जानकारी दी गई।

### टीबी मरीजों को फल व राशन सामग्री वितरित

**राजगढ़।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत पीएचई विभाग के एसडीओ देवेंद्र सिंह नीट ने बुधवार को टीबी मरीजों को फल एवं राशन सामग्री वितरित की। उन्होंने मरीजों से नियमित दवा लेने, पौष्टिक आहार अपनाने और उपचार बीच में नहीं छोड़ने की अपील की। कहा कि समय पर इलाज और संतुलित भोजन से टीबी पर जल्द काबू पाया जा सकता है। अभियान के तहत मंगलवार को पंचोलाव स्थित होटल पर किया जा रहा है, जहां उपचार, दवा वितरण, काउंसलिंग और पोषण सहायता की निगरानी की जाती है। सामग्री मिलने पर मरीजों ने आभार जताया और इस पहल को सराहनीय बताया।

### अच्छी बारिश की कामना को लेकर शिव मंदिरों में महिलाएं की भजन-कीर्तन

**पड़ला** श्रावण मास में नगर के शिव मंदिरों में सुबह और शाम बड़ी संख्या में महिलाएं मंदिरों में पहुंचकर भगवान शिव और माता पार्वती की अराधना के साथ भजन-कीर्तन कर रही हैं। इस दौरान क्षेत्र में अच्छी बारिश, किसानों की समृद्धि और सुख-शांति की कामना की जा रही है। पंडित आशुतोष व्यास ने बताया कि श्रावण मास भगवान शिव और माता पार्वती के लिए सबसे श्रेष्ठ माना जाता है।

## अवलोकन

मध्यान्ह भोजन के लिए सरकार के बर्तन खरीदी पर करोड़ों खर्च, फिर भी बच्चे खा रहे कागज में भोजन

# पीएमश्री बालक हायर सेकंडरी स्कूल में गीले फर्श पर भोजन, पास में मंडराते कुत्ते

डीआर संवाददाता ✉ ब्यावरा सुवलिया

प्रदेश सरकार ने शासकीय स्कूलों में मध्यान्ह भोजन लेकर भोजनालयों को संचालित करने में विद्यार्थियों के लिए बर्तन दिलवाने में भले ही करोड़ों रुपयों को खर्च कर दिया हो, लेकिन नगर में संचालित पी. एम. श्री बालक हायर सेकंडरी स्कूल सुवलिया के बच्चों को सही से भोजन भी नसीब नहीं हो पा रहा है। जहां पर बुधवार को मामला सामने आया कि लंच की घंटी बजने के बाद में बच्चे लाइन लगाकर नहीं, बल्कि गीले फर्श पर बैठ गए। सामने स्टील की थाली की जगह रद्दी कागज के टुकड़े बिछे थे। उसी बरामदे में, जहां कुछ देर पहले बारिश का पानी भरा था, 4-5 बच्चे बुधवार उसी रद्दी कागज पर रोटी-सब्जी खाने लगे। उनके ठीक पास एक कुत्ता भी खड़ा था। यह तस्वीर शासन के स्वच्छ, स्वस्थ और सम्मान जनक मध्यान्ह भोजन के दावों और शिक्षा विभाग की गाइडलाइंस, दोनों की पोल खोल रही है।

### बर्तन के पैसे आए, पर थाली की जगह रद्दी मिली

लोगों का आरोप है कि हर वर्ष मध्यान्ह भोजन के लिए शासन द्वारा स्कूल को लाखों रुपये के स्टील बर्तन, टेबल-कुर्सी के लिए राशि दी जाती है। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि बच्चों को बर्तन देने के बजाय सभी कागजों में भोजन परोसा जा रहा है। उच्चस्तरीय बर्तन के नाम पर पैसा पेलकर

### शिक्षा विभाग की नाक के नीचे सामने आई बड़ी लापरवाही

सबसे बड़ा सवाल यह है कि स्कूल में लगातार शिक्षक और भोजन प्रभारी यह सब देखकर भी चुप क्यों हैं? नियम के अनुसार, मध्यान्ह भोजन के समय एक शिक्षक की ड्यूटी अनिवार्य है, ताकि स्वच्छता और गुणवत्ता सुनिश्चित हो है, अक्सर निरीक्षण करते हैं, पर इसके बच्चों को कागज पर खाना बंट रहा है। कमरे से कुत्ते भी घुसते हैं। कोई बीमार पड़ गया, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा? रुको। लेकिन यहां न बैठने की व्यवस्था है, न बर्तन न और न ही जिम्मेदारी की निगरानी। स्थानीय लोगों का कहना है, क्या शिक्षक अपनी ड्यूटी से मुंह मोड़कर घूमा घूमती कर रहे हैं या फिर विभाग को इसकी जानकारी ही नहीं है।

### मेनू से बनने वाला भोजन भी कागजों तक सीमित

शासन द्वारा मध्यान्ह भोजन का साप्ताहिक मेनू निर्धारित कर रखा है, लेकिन स्कूलों में देखाने में आ रहा है कि मेनू अनुसार दाल वाला भोजन दो दिनों कागजों तक ही सीमित रह गया है। जिसमें दाल, सब्जी, फल और अंडे पूरा तक शामिल है। लेकिन स्कूल में बच्चों को रोज वही सूखी रोटी-सब्जी रद्दी कागज पर परोसी जा रही है। न मेनू का पालन हो रहा है, न गुणवत्ता की जांच। कागजों में मेनू कुछ और है, थाली में सब्जी कुछ और है।

### स्वच्छता की उड़ी धज्जियां, नियम कागजों में

तस्वीरें साफ दिख रहा है कि बच्चे मध्यान्ह में सही वातावरण में बैठकर खा रहे हैं, जबकि गीला है। सफाई का अता-पता नहीं। भोजन के समय परिसर में कुत्ते का होना स्वास्थ्य के लिए सीधा खतरा है। शिक्षा विभाग के स्पष्ट निर्देश हैं कि बच्चों को साफ जगह और स्टील की थाली में भोजन दिया जाए, पर यहां वे निर्देश रद्दी की तरह फेंके जा रहे हैं।

### इमारतबुंदी . .

मुझे आपके द्वारा यह जानकारी मिली है, मैं तत्काल इस मामले को संज्ञान में लिवाता हूं, अगर जांच में पाया गया तो दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

**सावन पाटीदार, जिला शिक्षा अधिकारी राजगढ़**

## धरती का सीना छलनी, पर्यावरण और शासन के राजस्व को भारी नुकसान

डीआर संवाददाता ✉ सारंगपुर

विकासखंड सहित आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों अवैध उत्खनन का कारोबार लगातार फल-फूल रहा है। क्षेत्र के अनेक गांवों में खुला का अवैध खनन खुलेआम किए जाने के आरोप लग रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बड़ी संख्या में डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉलियां दिन-रात खुलेआम परिवहन करती हुई देखी जा सकती हैं, जबकि क्षेत्र में वर्तमान में कोई वैध शासकीय खुला खदान संचालित नहीं है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि अखिर इतनी बड़ी मात्रा में खुला कहां से निकाली जा रही है और उसका परिवहन किस आधार पर हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार अवैध रूप से निकाली जा रही मुरम का उपयोग विभिन्न निर्माण कार्यों एवं सड़क निर्माण में किया जा रहा है। आरोप है कि कुछ ठेकेदार भी शासन के निर्धारित नियमों की अनदेखी करते हुए अवैध मुरम का उपयोग कर रहे हैं, जिससे शासन को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान पहुंच रहा है। यदि इन शिकायतों की निष्पक्ष जांच की जाए तो बड़े स्तर पर अनियमितताओं का खुलासा हो सकता है। क्षेत्र में अवैध खनन को शिकायतें लंबे समय से सामने आती रही हैं, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि कार्रवाई केवल औपचारिकता तक सीमित रहती है। इसका-चुका प्रकरण दर्ज कर प्रशासन अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेता है, जबकि अवैध उत्खनन का सिलसिला लगातार जारी रहता है। इससे स्थानीय नागरिकों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं।

### हाइवेंडी कस्बे में हुई प्रशासन की कार्रवाई

इसी बीच सारंगपुर तेर रहा थाना क्षेत्र के ग्राम हाइवेंडी कस्बे में अवैध खनन की शिकायतों पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए एक ट्रेक्टर को जब्त कर लिया गया। इस कार्रवाई को लेकर लोग का कहना है कि यदि इसी तरह लगातार और व्यापक रूप से अभियान चलाया जाए तो अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। हालांकि, एक कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में फैले अवैध कारोबार पर रोक मुश्किल नजर आ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने अवैध खनन में संलिप्त माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि प्रशासन समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं करता है, तो आने वाले समय में पर्यावरण और शासन दोनों को गंभीर नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

## पात्र शिक्षकों की शिकायत नहीं, इसलिए 8 अगस्त को ही होगी जनशिक्षक-बीएसी की काउंसलिंग

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़

ब्यावरा शहर में साइबर फ्रॉड के मामले बढ़ते जा रहे हैं। पुलिस के साइबर सुरक्षा को लेकर चलाए अभियान के बाद भी लोग अलर्ट नहीं हुए हैं, जिसकी वजह से वह आसानी से साइबर ठगों का शिकार बन रहे हैं।

सिटी थानाअर्गल द्वारा प्रचार के दो मामले दर्ज किए गए हैं। जिनमें एपीके फाइल डाउनलोड करने के साथ ही फरियादियों के खाते से हजारों रुपए गायब हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने हाल ही में आमजन को साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया था। हालांकि इसका असर कहीं दिखाई नहीं दे रहा है, क्योंकि लोग अब भी साइबर ठगों का शिकार आसानी से बन रहे हैं। ठगों ने 6 जुलाई को अपना शिकार निशुल्क चिता राजेंद्र सिंह नीना निवासी बुलवाँ नगर को बनाया। वे शासकीय स्कूल के शिक्षक हैं। एपीके फाइलएक

पर एक एपीके फाइल आई थी, जिसे डाउनलोड करने के साथ ही उनका मोबाइल बंद हो गया। कुछ देर बाद जब मोबाइल चालू हुआ तो खाते से 5 बजे पहला मैसेज खाते से 5339 रुपए कटने का आया, इसके बाद 30 हजार रुपए और खाते से गायब हो गए।

## अकोदिया नाका पर यात्री बस की टक्कर से 45 वर्षीय युवक की मौत, केवाईसी कराने आए थे

डीआर संवाददाता ✉ सारंगपुर

नगर के अकोदिया नाका क्षेत्र में बुधवार सुबह एक यात्री बस की टक्कर से 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी - संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और अवैधपक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए - सिविल अस्पताल भेजा।

पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार तलेन-इकलेरा मार्ग से सारंगपुर आ रही तेज गति - ट्रेवल्स की बस क्रमांक - एमपी-41-पीडब्ली-9966 ने अकोदिया नाका क्षेत्र में कुशरिया पाल निवासी श्याम वर्मा (45), पिता रामचंद्र वर्मा को टक्कर मार दी। हादसे इतना गंभीर था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि श्याम वर्मा बैंक एजेंसी की केवाईसी कराने के लिए सारंगपुर आए थे। श्याम वर्मा के परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवार में तीन बेटियां और दो बेटे हैं। परिजनों अनुसार दोनों बेटे मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं, जिनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी उन्हीं पर थी। उनकी असामयिक मौत के बाद परिवार पर आर्थिक और सामाजिक संकट गहरा गया है।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल था। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने शहर में निजी यात्री बसों की गति को लेकर चिंता जताई। उनका कहना है कि शहर के भीतर कई बार बसें तेज गति से संचालित होती हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। नागरिकों ने यह भी कहा कि पूर्व में भी निजी बसों से जुड़े सड़क हादसे सामने आ चुके हैं, चूंकि हैं, इसलिए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाना आवश्यक है।

## राजगढ़ में पहली बार निकली सामूहिक कांवड़ यात्रा, 200 श्रद्धालु पैदल जाएंगे महाकाल के दरबार

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़।

सावन माह में भगवान शिव के प्रति आस्था का अनूठा नजारा राजगढ़ जिले के खिलचीपुर में देखने को मिला, जहां पहली बार 200 से अधिक श्रद्धालुओं की सामूहिक कांवड़ यात्रा उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर के लिए रवाना हुई। जय श्री महाकाल सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस यात्रा का शुभारंभ रामनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुआ। फल-दूध महाकेदार के कार्यकर्ता और शिवभक्तों के बीच श्रद्धालु नगर के प्रमुख मार्गों से निकले, जहां लोगों ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया।

करीब 140 किलोमीटर लंबी यह पैदल यात्रा खिलचीपुर से जीरापुर, सुसनेर और आगर होते हुए गांव दिगौं में रात्रि विश्राम करेगी। श्रद्धालु प्रतिदिन लगभग 30 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे और महाकाल मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चार ट्रैक्टर साथ चल रहे हैं, जिनमें भोजन, पेयजल, दवाइयां और अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था की गई है।

यात्रा में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय सिंह राठौड़िया, पूर्व विधायक रामलाल वार्डी, पूर्व विधायक हेमराज झालोदी, मालवा मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल दांगी सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। रवानगी से पूर्व सावन माह की पहली सामूहिक कांवड़ यात्रा बताते हुए भविष्य में भी इस परंपरा को जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

## दुर्गपुरा सचिव का वेतन रोका हालाहेड़ी सचिव का निलंबन

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़

जिला पंचायत सीईओ की इंजिनियर नड़गाले ने बुधवार को खिलचीपुर और जीरापुर जनपद पंचायतों की समीक्षा बैठक में स्वच्छता और अन्य योजनाओं में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

डीबीजीआरजी (मनरेगा) के तहत जुलाई में चयनित नियोजन कुण्ड मिलने पर ग्राम पंचायत दुर्गपुरा के सचिव और ग्राम रोजगार सहायक का वेतन रोकने के आदेश दिए गए। वहीं ग्राम पंचायत हालाहेड़ी में 32 हजार मानक दिवस पूर्ण होने के बावजूद श्रमिक नियोजन नहीं मिलने पर सचिव कमलेश के निलंबन और रोजगार सहायक दिनेश वर्मा को जनपद पंचायत ने संलग्न करने के निर्देश दिए गए। वहीं सोनखेड़ाकला पंचायत भवन में बिजली लंबवमा पूर्ण होने तक संबंधित खाते को होल्ड करने तथा ग्राम पंचायत जागोदा से 15वें वित्त आयोग की राशि से कराए गए कार्यों की जांच कराने के निर्देश भी सीईओ ने दिए।

### निलंबित अमले के निर्देश

बैठक में सीईओ श्री नड़गाले ने स्पष्ट कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों, सचिवों और ग्राम रोजगार सहायकों को निर्धारित समय से काम पंचायतों का मनरेगा कार्य योजनाओं की प्रगति सुनिश्चित करने तथा समय-सीमा में लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाएगा, जबकि लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सम्मान

### होली एंजल्स किड्स एकेडमी में दिखा शिक्षा का उत्कृष्टसंगम

# प्रतिभाओं का सम्मान और लोकतंत्र का पाठ, विद्यालय संसद ने ली शपथ

डीआर संवाददाता ✉ कुरावर

शिक्षा केवल अंकों तक सीमित नहीं, बल्कि नेतृत्व, अनुशासन और जिम्मेदारी का भी आधार है। इसी सोच को साकार करते हुए होली एंजल्स किड्स एकेडमी, कुरावर में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह एवं विद्यालय संसद (स्कूल पार्लियामेंट) के शपथ ग्रहण समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रदेश, जिला एवं नगर स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया, जहीं लोकतांत्रिक परंपरा को बढ़ावा देने के लिए छात्र संसद के मंत्रिमंडल प्रतिनिधियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय विद्यालय पंडित शर्मा, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त सुरेंद्र सिंह भदौरिया तथा नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि बालकृष्ण चन्द्रावली रहे। दीप प्रज्वलन एवं

विद्यार्थियों के स्वागत गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। समारोह का सबसे भावुक और गौरवपूर्ण क्षण तब आया, जब कक्षाओं में वार्षिक शिक्षा मंडल की तथा हाली बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में द्वितीय स्थान

प्रदेश में दूसरा स्थान लाने पर आर्यी महेश्वरी को 20 हजार का चेक दिया गया, वह विषय सम्मान प्राप्त करने वाले विद्यालय की छात्रा आर्यी महेश्वरी को विद्यालय परिवार द्वारा 26 हजार का प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्हीं हुए उपलब्धि में विद्यालय के साथ-साथ कुरावर और राजगढ़ जिले का भी गौरव बढ़ाया। इसके साथ ही कक्षा 12वीं के आर्यी महेश्वरी, पुष्पराज सिंह उनाह एवं बुलन महेश्वरी, कक्षा 10 वीं के विजय मीणा, आकाश सहा एवं पुष्पराज सिंह हाड़ा कक्षा 8वीं के अनुराग मीणा, रॉबिन प्रजापति एवं लक्ष्मराज सिंह हाड़ा तथा कक्षा 5वीं की वर्तिका नामदेव, अक्षरी उपाध्याय एवं नुपुर सहित अन्य मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। साथ ही मुख्यमंत्री केवली विद्यार्थी योजना के अंतर्गत लाभान्वित 26 विद्यार्थियों का भी विशेष सम्मान किया गया। अपने उद्बोधन में विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि शिक्षा, अनुशासन और नेतृत्व ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर निरंतर परिश्रम करने और सकारात्मकता शामिल करने की प्रेरणा दी। वहीं मेजरजनी सुरेंद्र सिंह भदौरिया ने विद्यालय के शैक्षणिक एवं भौतिक विकास संबंधी प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं।

## फर्जी नंबर प्लेट लगाकर दौड़ रही थी स्कूल बस, परिवहन विभाग ने दो बसें जब्त कीं

डीआर संवाददाता ✉ पचोर

राजगढ़ जिले के पचोर में परिवहन विभाग की जांच के दौरान एक स्कूल बस फर्जी नंबर प्लेट के साथ संचालित होती मिली। जिला परिवहन अधिकारी ज्ञानेन्द्र वैश्य के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में उपनगरीय शिक्षा सरस्वती विद्यापीठ की बस पर दूसरे वाहन की नंबर प्लेट लगी पाई गई। जांच में खुलासा हुआ कि संबंधित बस पर सड़क निर्माण के कारण आवागमन बंद होने से रोक टैक्स बचाने के उद्देश्य से दूसरे रूट पर चलने वाली स्कूल बस की नंबर प्लेट इस बस पर लगा दी गई थी।

मामले को गंभीर मानते हुए परिवहन विभाग ने दोनों स्कूल बसों को जब्त कर पचोर थाने में खड़ा करवा दिया। अभियान के दौरान बिना वैध दस्तावेजों के संचालित एक यात्री बस के खिलाफ भी कार्रवाई की गई।

जिला परिवहन अधिकारी ज्ञानेन्द्र वैश्य ने कहा कि स्कूली बच्चों और यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। फर्जी नंबर प्लेट, अधूरे दस्तावेज या नियमों के उल्लंघन के साथ वाहन संचालन करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने सभी वाहन संचालकों से नियमों का पालन करने और आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की अपील